समाहरणालय, अररिया
(जिला प्रोग्राम कार्यालय)
(आई0सी0डी0एस0)
Mobile no. 9431005047
E-mail – ararіadpo2@gmail.com
dpo.icds.arar-bih@gov.in

पत्रांक.2858...../जि0प्रो0

प्रेषक,

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
अररिया।

सेवा में,

जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी,
अररिया।

अररिया, दिनांक 23.../11/2026

विषय : सीधी भर्ती से महिला पर्यवेक्षिका के पद पर नियोजन हेतु औपबंधिक मेधा–सूची प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि संविदा आधारित सीधी भर्ती से महिला पर्यवेक्षिका के पद पर नियोजन हेतु औपबंधिक मेधा–सूची एवं चयन समिति के बैठक की कार्यवाही सहित का प्रकाशन जिला के NIC पर किया जाना है। प्रकाशित औपबंधिक मेधा–सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति के लिए जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई0सी0डी0एस0–सह–सदस्य सचिव, अररिया चयन समिति के कार्यालय (समाहरणालय परिसर, गेट संख्या–01, उद्योग भवन के पास, अररिया, पिन – 854311) में निबंधित डाक अथवा हाथों–हाथ के माध्यम से अभ्यर्थी द्वारा दिनांक – 25.11.2026 से दिनांक – 10.12.2026 तक के कार्यालय कार्यावधि में लिखित रूप से साक्ष्य के साथ आपत्ति दर्ज कराया जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि पत्र के साथ संलग्न औपबंधिक मेधा–सूची एवं चयन समिति के बैठक की कार्यवाही पंजी को जिला के NIC पर प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

23/11/26

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
अररिया

CamScanner